**नशा करने वाले व्यक्तियों के कथित मामले और नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या**

1383. **श्री ईश दत्त यादव** :क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेगे कि:

(क) गत तीन वर्षो के दौरान देश में नशा करने संबंधी कितने मामले प्रकाश में आये;

(ख) कितने मामलों में आरोप –पत्र दाखिल किये गए हैं;

(ग) देश में स्थापित किये गए नशा मुक्ति केन्द्रो की संख्या कितनी है;

(घ) इस बुराई पर नियंत्रण पाने के लिए और कितने केन्द्र खोले जाने की आवश्यकता हैं; और

(ङ) वर्ष 1996-97 के दौरान ऐसे कितने केन्द्र खोले जाने का विचार हैं?

**कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामू-वालिया) :** (क) देश में नशीली दवाओं के दुरूपयोग की सीमा का आकलन करने के लिए अभी तक कोई राष्ट्र व्यापी सर्वेक्षण नहीं किया गया हैं। तथापि, कल्याण मंत्रालय मद्य निषेध और नशीली दवा दुरूपयोग निवारण के लिए एक योजना कार्यान्वित कर रहा हैं जिसके अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ परामर्श/नशामुक्ति व पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना करने के लिए स्वयंसेवी संगठनों को अनुदान प्रदान किया जाता हैं। नशीली दवाओं के ब्यसनी ऐसे केन्द्रो में नशामुक्ति एवं पुनर्वास के लिए स्वैच्छिक रूप से स्वयं को पंजीबद्व कराते हैं। उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले वर्षो के दौरान ऐसे केन्द्रो में पंजीकृत किए गए नशीली दवाओं के व्यसनियों की राज्यवार संख्या विवरण-। में दी गई हैं। (नीचे देखिए)

(ख) इस मंत्रालय की सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त स्वयंसेवी संगठनों द्वारा संचलित ऐसे केन्द्रों को स्वैच्छिक रूप से आने वाले नशीली दवा के व्यसानियों को आरोपित नहीं किया जाता हैं।

(ग) इस मंत्रालय की सहायता अनुदान योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान किए जा रहे नशामुक्ति केन्द्रो की संख्या (राज्यवार) विवरण—2 में दी गयी हैं। (नीचे देखिए)

(घ) तथा (ड.) नए केन्द्रों की स्थापना करना अन्य बातों के साथ इस योजना में निर्धारित कतिपय मानदंडो को पूरा करने संगठन के अनुभव, निधियों की उपलब्धता, आवश्यकता , एक क्षेत्र में समस्या की गम्भीरता आदि पर निर्भर करता हैं। किसी वित्त वर्ष में अपेक्षित अथवा खोले जाने के लिए प्रस्तावित केन्द्रों की सही संख्या को निर्धारित करना सम्भव नहीं है।

**विवरण –।**

**"मद्य निषेध तथा नशीली दवा दुरूपयोग निवारण की योजना" के अन्तर्गत गत तीन वर्षो पंजीकृत किए गए नशीली दवा के व्यसनियों की संख्या (राज्यवार)**

| क्र.सं. | राज्य | 1994-95 | 1995-96 | 1996-97 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 3,102 | 2,670 | 1,956 |
| 2. | असम | 1,051 | 297 | 1,556 |
| 3. | बिहार | 30,152 | 22,869 | 20,767 |
| 4. | गोवा | 2,538 | 3,648 | 2,910 |
| 5. | गुजरात | 12,521 | 14,756 | 19,173 |
| 6. | हरियाणा | 23,069 | 15,623 | 22,095 |
| 7. | जम्मू और कश्मीर | 214 | 187 | 221 |
| 8. | कर्नाटक | 4,788 | 1,308 | 3,086 |
| 9. | केरल | 25,231 | 29,375 | 17,880 |

| क्र.स. | राज्य | 1994-95 | 1995-96 | 1996-97 |
|---|---|---|---|---|
| 10. | मध्य प्रदेश | 10,231 | 10,577 | 9,666 |
| 11. | महाराष्ट्र | 18,934 | 13,589 | 11,079 |
| 12. | मणिपुर | 6,047 | 7770 | 6,035 |
| 13. | मेघालय | 8 | 248 | 468 |
| 14. | मिजोरम | 2,228 | 2,225 | 3,698 |
| 15. | नागालैंड | 1,010 | 1,041 | 1,834 |
| 16. | उड़ीसा | 12,448 | 9,165 | 13,907 |
| 17. | पंजाब | 27,831 | 18,714 | 22,618 |
| 18. | राजस्थान | 11,454 | 6,385 | 6,099 |
| 19. | सिक्किम | 52 | 1,063 | 183 |
| 20. | तमिलनाडु | 15,687 | 16,667 | 18,464 |
| 21. | त्रिपुरा | 546 | 436 | 4,828 |
| 22. | उत्तर प्रदेश | 40,343 | 53,442 | 6,824 |
| 23. | पश्चिम बंगाल | 23,571 | 17,039 | 17,107 |
| संघ | | | | |
| 1. | चंडीगढ़ | 1,186 | 2,202 | 1,174 |
| 2. | दिल्ली | 37,207 | 28,626 | 40,149 |
| 3. | पांडिचेरी | 560 | 2,343 | 331 |
| क्र.स. | राज्य | 1994-95 | 1995-96 | 1996-97 |

**विवरण**—2

**वर्ष** 1996-97 **के दौरान मद्य निषेध और नशीली दवा दुरूपयोग निवारण की योजना के अंतर्गत नशामुक्ति केन्द्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | केन्द्रो की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 3 |
| 2. | असम | 1 |
| 3. | बिहार | 10 |
| 4. | गोवा | 1 |
| 5. | गुजरात | 5 |
| 6. | हरियाणा | 8 |
| 7. | जम्मू और कश्मीर | 1 |
| 8. | कर्नाटक | 3 |
| 9. | केरल | 11 |
| 10. | मध्य प्रदेश | 4 |
| 11. | महाराष्ट्र | 7 |
| 13. | मिजोरम | 5 |
| 14. | मेघालय | - |
| 15. | नागालैंड | 2 |
| 16. | उड़ीसा | 6 |
| 17. | पंजाब | 7 |
| 18. | राजस्थान | 4 |
| 19. | सिक्किम | - |
| 20. | तमिलनाडु | 8 |
| 21. | त्रिपुरा | - |
| 22. | उत्तर प्रदेश | 12 |
| 23. | पश्चिम बंगाल | 6 |
| | | 114 |

**अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को प्रशिक्षण देने वाली संस्थाओं को अनुदान**

1384. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे**: क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के